–:: अल्पकालीन नीलामी सूचना :—

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्ययायालय सहारनपुर में खड़े शासकीय वाहन संख्या– (1) यू.पी.11सी–8996 (अम्बेसडर कार), (2) यू.पी.11सी.–9090 (अम्बेसडर कार), (3) यू.पी.11जी–5700 (अम्बेसडर कार) को निष्प्रयोज्य घोषित होने के उपरान्त उक्त वाहन की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 05.02.2025 को प्रातः 11:00 बजे नवीन सभागार कलेक्ट्रेट, सहारनपुर में की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता नीलामी से पूर्व उक्त वाहनों की अंकन 20,000/– रु0 (बीस हजार रु0) की धरोहर जमानत धनराशि नकद जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है। सर्वाधिक बोलीदाता की जमानत धनराशि रोकते हुए शेष बोलीदाताओं की नीलामी कार्यवाही समाप्त होने के पश्चात् धनराशि उसी दिन वापिस कर दी जाएगी। नीलामी क्रेता को देय 18 प्रतिशत जी.एस.टी. नियमानुसार अलग से देना होगा और नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार जिलाधिकारी, सहारनपुर महोदय को प्राप्त है, उनका निर्णय अन्तिम माना जाएगा। नीलाम किये जाने वाले वाहनों को नीलामी से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में मा0 जिला जज के पुराने आवास, बाजोरिया रोड, सिविल अस्पताल के सामने देखा जा सकता है। वाहन को देखने हेतु नाजिर श्री रमेश चन्द (मोबा0 नं0 7906609670) से सम्पर्क किया जा सकता है। नीलामी छूटने पर कोई भी क्लेम मान्य नहीं होगा। जिलाधिकारी महोदय के द्वारा नीलामी स्वीकृति के उपरान्त सर्वाधिक बोलीदाता को सम्पूर्ण धनराशि मय जी0एस0टी0 नकद रूप में कार्यालय में जमा करनी होगी। यदि सम्पूर्ण धनराशि मय जी0एस0टी0 18 प्रतिशत जमा नहीं की जाती है, तो बोलीदाता की जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

03/02/2025

प्रभारी अधिकारी (नजारत)/
अपर जिला जज, कक्ष संख्या– 03
सहारनपुर